# मार्च तक 3.6 लाख फ्रेशर्स को नौकरियां देंगी आईटी कंपनियां

नई दिल्ली। देश की आईटी कंपनियां अगले महीने यानी मार्च तक 3.6 लाख फ्रेशर्स को नौकरियां देंगी। मार्केट इंटेलीजेंट फर्म अनअर्थइनसाइट ने बृहस्पतिवार को कहा कि महामारी में डिजिटल सेवाओं की मांग बढ़ी है।

कंपनी के संस्थापक गौरव वासु ने कहा, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आईटी कंपनियों में नौकरी छोड़ने की दर दूसरी तिमाही के 19.5 फीसदी से बढ़कर 22.3% पहुंच गई है। इससे आईटी कंपनियां

**महामारी में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में बढ़ी है कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर**

कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के साथ डिजिटल सेवाओं की मांग की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारी संख्या में नई भर्तियां कर रही हैं। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 47 फीसदी से ज्यादा कंपनियां जनवरी-जून के दौरान फ्रेशर्स की नियुक्ति करेंगी। एजेंसी